# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में जागरूकता व्याख्यान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

दिनांक 31 मई 2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की माता अनुसुइया इकाई एवं स्वामी विवेकानंद इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता व्याख्यान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारियों सुश्री सुमन यादव एवं डॉ. नितीश कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने का संकल्प लिया। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2026 की थीम "Unmask the Appeal – Countering Tobacco and Nicotine Addiction" निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों को आकर्षक बनाकर युवाओं को उनकी ओर आकर्षित करने वाली रणनीतियों को उजागर करना तथा नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के प्रति जागरूकता फैलाना है।

